भारत सरकार
रेल मंत्रालय

राज्य सभा
12.03.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2048 का उत्तर

समस्तीपुर से दिल्ली के लिए सीधी रेलगाड़ी

2048. श्री राम नाथ ठाकुरः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को पहले की तरह इस बात की जानकारी है कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग समस्तीपुर से दिल्ली की यात्रा करते हैं;
(ख) क्या यह भी सच है कि समस्तीपुर होते हुए दरभंगा से दिल्ली जाने वाली रेलगाड़ी दरभंगा रेलवे स्टेशन पर ही अत्यधिक भर जाती है और समस्तीपुर स्टेशन पर यात्रियों के लिए रेलगाड़ी में चढ़ना असंभव हो जाता है; और
(ग) यदि हां, तो क्या सरकार समस्तीपुर से दिल्ली के लिए सीधी रेलगाड़ी शुरु करने पर विचार करेगी?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क): जी हां।

(ख): जी नहीं। वर्तमान में अधिकांश लंबी दूरी की मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों में, केवल आरक्षित यात्रियों को ही चढ़ने की अनुमति दी जाती है।

(ग): कोविड-19 महामारी को फैलने से रोकने के लिए दिनांक 23.03.2020 से नियमित पैसेंजर सेवाओं को बंद करने से पहले, समस्तीपुर दिल्ली से 14 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस रेलगाड़ियों से जुड़ा था। वर्तमान स्थिति को देखते हुए, राज्य सरकार के सुझाव और चिंता को ध्यान में रखते हुए फिलहाल सीमित ठहराव के साथ सिर्फ स्पेशल रेलगाड़ियों का ही परिचालन किया जा रहा है। इस समय, समस्तीपुर-दिल्ली खंड को 09 जोड़ी रेलगाड़ियां सेवित कर रही हैं। प्रतीक्षासूची की स्थिति को नियमित रूप से मॉनिटर किया जाता है और जहां कहीं भी अपेक्षित हो, परिचालनिक व्यवहार्यता के अध्यधीन विशेष रेलगाड़ियों/क्लोन रेलगाड़ियों का परिचालन किया जाता है।

******

Sk